
हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 10 अंक : 274 | शनिवार, 30 अप्रैल, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08




सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए आगे आएं युवा : भगत सिंह कोश्यारी, राज्यपाल 4

# 10 वर्षों के लिए विभाग क्या रोडमैप बना रहे हैं, इसकी भी जल्द समीक्षा : मुख्यमंत्री

## ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम पंजीकरण एवं समयबद्ध निष्पादन प्रणाली का शुभारंभ हुआ






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री सन्दर्भों /पत्रों का ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम पंजीकरण एवं समयबद्ध निष्पादन प्रणाली का शुभारंभ किया। पहले मुख्यमंत्री को संबोधित सन्दर्भों/पत्रों को मुख्यमंत्री लेटर मॉनिटरिंग पैकेज के माध्यम से पंजीकृत कर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भौतिक रूप से संबंधित विभागों को भेजा जाता था। अब मुख्यमंत्री सन्दर्भों /पत्रों को सीएम हेल्पलाइन 1905 के साथ इंटीग्रेट किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चंपावत निवासी मुकेश राम की समस्या का संज्ञान लेते हुए, उनसे फोन पर बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलाधिकारी चम्पावत को उनकी समस्या भेजी जा चुकी है, जिसका उचित समाधान किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि जन समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर 1905, अपणि सरकार पोर्टल एवं भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड एप 1064 की प्रत्येक 15 दिन में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, एक माह में मुख्य सचिव एवं तीन माह में मुख्यमंत्री के स्तर पर समीक्षा की जायेगी। सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण पर सरकार का विशेष ध्यान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रक्रियाओं के सरलीकरण के लिए विभागों द्वारा अभी तक क्या कार्यवाही की गई है, इसकी जल्द समीक्षा की जायेगा। उत्तराखण्ड के समग्र विकास के लिए विभागों द्वारा आगामी 10 वर्षों के लिए विभाग क्या रोडमैप बना रहे हैं, इसकी भी जल्द समीक्षा की जायेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि शासन एवं जिला स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली को और मजबूत किया जाए। फाइलों के निर्धारित समयावधि पर निस्तारित न होने कारण अधिकारियों को स्पष्ट करना होगा।

मुख्यमंत्री कार्यालय को प्राप्त सन्दर्भ /पत्र अब एक क्लिक के माध्यम से संबंधित विभागीय सचिव, विभागीय अधिकारी को प्राप्त हो जायेगा। इसका शिकायतकर्ता को भी उनके द्वारा दर्ज मोबाईल नम्बर पर मैसेज पहुंचेगा। शिकायतकर्ता को मैसेज के साथ एक लिंक मिलेगा, जिस पर वे अपनी शिकायत पर हुई कार्यवाही की प्रत्येक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। शिकायत जिस विभाग के जिस अधिकारी से संबंधित होगी, उन्हें निश्चित समयावधि के अन्दर उसका निस्तारण करना होगा। यदि संबंधित अधिकारी द्वारा समय पर निस्तारण नहीं किया गया तो, शिकायत उससे उच्च स्तरीय अधिकारी को स्वतः ही अग्रेनीत हो जायेगी। समय पर निस्तारण न करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव शैलेश बगोली एवं उप सचिव अनिल जोशी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री धामी और केंद्रीय वनमंत्री भूपेंद्र यादव के बीच वनाग्नि रोकने पर हुयी चर्चा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से केन्द्रीय श्रम, सेवायोजन, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने भेंट की। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री के मध्य राज्य के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से वन विभाग के एनओसी एवं क्लीयरेंस से संबंधित केन्द्रीय स्तर पर लंबित मामलों से अवगत कराया। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि केंद्र स्तर पर लंबित वन विभाग सभी मामलों का शीघ्र समाधान किया जायेगा। इस दौरान दोनों के मध्य वनाग्नि जैसी घटनाओं को रोकने को लेकर भी चर्चा हुई।

केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड आस्था के प्रमुख केंद्र के साथ ही वन और पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड भ्रमण के दौरान एफआरआई में वन एवं पर्यावरण से संबंधित विभिन्न मामलों में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। प्रोजेक्ट एलीफेंट एवं कैंपा के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को वन एवं पर्यावरण के क्षेत्र में केन्द्र सरकार की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी।

## प्रदेश में आज आए कोरोना के 21 नए मामले, एक्टिव केस हुए 103

देहरादून। उत्तराखंड में आज शुक्रवार को कोरोना संक्रमण के 21 नए मामले सामने आए हैं। राज्य सरकार के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, आज सात व्यक्ति स्वस्थ हो गए। वहीं, राज्य में अब 103 लोग कोरोना संक्रमित हैं। प्रदेश में कोरोना संक्रमण एक बार फिर बढ़ने लगा है। अब राज्य में एक्टिव केस की संख्या 103 है। वहीं, दूसरी ओर रिकवरी रेट 96.10 पर पहुंच गया है। आज उत्तराखंड में कोरोना के 21 नए मामले मिले हैं। इस दौरान सात मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। वहीं, दूसरी ओर कोरोना से आज किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। आज कोरोना संक्रमण दर 0.70 प्रतिशत रही। उत्तराखंड में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने लगे हैं। राज्य में अब एक्टिव केस 103 हैं। देहरादून जनपद में सबसे अधिक 67 कोरोना के मामले हैं, जबकि हरिद्वार में 14 मामले सक्रिय हैं। नैनीताल में 11 एक्टिव केस हैं। तीन जिलों में एक-एक सक्रिय मामले हैं। उत्तराखंड के तीन जिलों ( पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और टिहरी गढ़वाल ) में कोरोना का एक भी सक्रिय मामला नहीं है।

## चेन स्नेचर्स ने उड़ाई पुलिस की नींद, डीजीपी बिफरे दून पुलिस के कसे पेंच



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड ने राजधानी देहरादून में एक ही दिन में मियांवाला से लेकर सेलाकुई के 6 स्थानों पर हुई चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर सख्त नाराजगी जताते हुए देहरादून पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय तलब कर घटनाओं के जल्द खुलासे की हिदायत दी है । इस दौरान डीजीपी ने अब तक की जा रही कार्यवाही की रिपोर्ट भी जानी।

पुलिस के मुखिया ने कन्ट्रोल रूम द्वारा फ्लैश की गयी चेन स्नेचिंग की सूचना पर सम्बन्धित थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी, चीता पुलिस, सिटी पेट्रोल के रिस्पॉन्स टाइम को चेक कर सम्बन्धित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है । उन्होंने घटना के शीघ्र खुलासे के लिए टीमों का गठन करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था- वी मुरूगेशन, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र- करन सिंह नगन्याल, पुलिस उप महनिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून- जन्मेजय खंडूरी, पुलिस अधीक्षक, क्राईम देहरादून- श्रीमती विशाखा अशोक, पुलिस अधीक्षक, नगर- श्रीमती सरिता डोभाल उपस्थित रहे।

# कोटद्वार में बड़ा स्टेडियम निर्माण मेरी प्राथमिकता : ऋतू खंडूरी, स्पीकर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

क्रिकेट एसोसिएशन पौड़ी एवं क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने कलालघाटी, कोटद्वार में चतुर्थ जिला स्तरीय क्रिकेट लीग मैच का उद्घाटन उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने बैटिंग कर मैच का शुभारंभ किया एवं टीम परिचय प्राप्त करते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।साथ ही खिलाड़ियों से खेल भावना से खेल को खेलने आह्वान किया।

एमकेवीएन स्कूल के परिसर में आयोजित क्रिकेट लीग मैच के उद्घाटन समारोह के दौरान जिला स्तर की कई टीमों ने प्रतिभाग किया । इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को प्रेरणा और ऊर्जा देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि खेल





शारीरिक दृष्टिकोण से भी आम जीवन में जनमानस के लिए अति आवश्यक है जिससे शरीर से कई बीमारियां दूर होती हैं।खेलों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा की कोटद्वार क्षेत्र में एक बड़े स्टेडियम निर्माण के लिए प्रयास करेंगी जिसमें सभी प्रकार के खेलों एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

# शिक्षक समाज का आईना होता है : ऋतु खंडूरी, स्पीकर



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कोटद्वार के कलालघाटी में स्थित एवीएन स्कूल में शिक्षा के विकास एवं शिक्षकों की भागीदारी पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने विधिवत रूप से किया। इस अवसर पर सभी ने सामूहिक रूप से बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

एवीएन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड की प्रथम महिला विधानसभा अध्यक्ष बनने पर ऋतु खंडूरी भूषण का स्कूल प्रबंधन द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा शिक्षा के विकास विषय पर अपने विचार रखे गए।




इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों का मार्गदर्शन बच्चों के जीवन जीने की शैली को बहुत हद तक प्रभावित करता है।शिक्षक समाज में उच्च आदर्श स्थापित करने वाला व्यक्तित्व होता है। किसी भी देश या समाज के निर्माण में शिक्षा की अहम भूमिका होती है, कहा जाए तो शिक्षक समाज का आईना होता है। उन्होंने कहा की शिक्षकों व अभिभावकों का आपसी सहयोग बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों के पहले गुरु उनके माता-पिता होते हैं इसलिए माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चों के शिक्षा व संस्कार पर भी ध्यान दें।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोटद्वार क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं उन्होंने कहा कि वो एक विजन के तहत कोटद्वार को आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में स्थापित करने के लिए भरसक प्रयास करेंगी। शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुविधाएं रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करने के लिए वह संकल्पित हैं।

इस मौके पर शिक्षकों ने शिक्षा के सर्वांगीण विकास में नवाचार एवं डिजिटल शिक्षा को शामिल करने पर विशेष चर्चा की।इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य बंदना कुकरेती, प्रबंधक अनुराधा नैथानी, रजनीश बौड़ाई सहित शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

# मंत्री रेखा आर्या ने बीच स्टेडियम हॉकी में दिखाया हुनर, बढ़ाया महिला खिलाडियों का हौसला



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या अचानक रोशनाबाद (हरिद्वार) के स्पोर्ट्स स्टेडियम रोशनाबाद, बालिका छात्रावास रोशनाबाद व वंदना कटारिया स्टेडियम पहुँच गयी औवं वहाँ उन्होंने व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया।

बालिका छात्रावास में पहुँच कर मंत्री रेखा आर्या ने छात्राओं से उनको छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा । इसके बाद वंदना कटारिया हॉकी स्टेडिम का भी निरीक्षण किया , और अन्य दूसरे निर्माण कार्यों जिसमें मल्टीपर्पज हॉल, हॉस्टल के निर्माण की प्रगति रिपोर्ट ली और कामों को जल्द पूरे करने के अधिकारियों को निर्देश दिए । बच्चों के साथ हॉकी खेलकर ख़ुशी हुई कि आज लड़कियां भी अच्छा खेल रही हैं। बच्चों के बीच बेहद सहजता के साथ मिलकर मंत्री रेखा आर्या ने बालिका छात्रावास में छात्राओं के साथ खाना खाकर खाने की क्वालिटी भी जांची । इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से खेल विभाग के कैलेंडर के बारे में जानकारी ली। साथ ही खेल विभाग की वेबसाइट बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस दौरान आर्या ने निर्माणाधीन हॉकी स्टेडियम का जायजा लिया ,साथ ही अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने लेकर निर्देशित किया। इस दौरान प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी मुकेश भट्ट , प्रशासनिक अधिकारी रविन्द्र कुमार यादव व ग्राउंड स्टाफ मौजूद रहे।



# बिना अनुमति लिए किया काम तो कठोर कार्यवाही होगी : सतपाल महाराज



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क (आशीष तिवारी)**

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित दिये कि योजना बनाते समय भाजपा के दृष्टि पत्र को अवश्य ध्यान में रखा जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बिना अनुमति के कोई भी अधिकारी कार्य ना करें। यदि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के कार्य करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**अब लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सुनाया दो टूक आदेश**

लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने समीक्षा बैठक में उच्च अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग में अधिकारियों कर्मचारियों के रिक्त पदों को तत्काल भरा जाए। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में जो भी निर्णय लिए जाते हैं या निर्देश दिए जाते हैं उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। दैवीय आपदा के क्षतिग्रस्त मार्ग, पूलों एवं अन्य परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि मार्गो की स्वीकृति में फेज-1 तथा फेज-2 की प्रक्रिया को समाप्त किया जाए। क्योंकि इसके चलते मार्ग निर्माण में अत्यधिक विलंब हो रहा है। राज्य में सैकड़ों ऐसे मार्ग हैं जिनकी फेज-1 की स्वीकृति के पश्चात वर्षों बाद भी फेज-2 की स्वीकृति जारी नहीं हुई है। इस प्रकार फेज-1 की धनराशि व्यर्थ चली गई। उन्होंने कहा कि जिन प्रस्तावित मार्गों के निर्माण में वन भूमि नहीं आ रही है, उन मार्गों के निर्माण की एकमुश्त स्वीकृति जारी की जानी चाहिए ताकि उनका निर्माण जल्द से जल्द हो सके।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 15 जून तक मोटर मार्ग के किनारे नालियों का निर्माण हो जाना चाहिए और बरसात के बाद सड़क में बने गड्ढों को भरना भी तत्काल सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मोटर मार्गों के डामरीकरण हॉटमिक्स से किया जाए और डामरीकरण के कार्यों की गुणवत्ता को देखने के लिए कार्यस्थल पर तकनीकी अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि यात्रा को सुगम, सुरक्षित बनाने के साथ साथ तेल की बचत को ध्यान में रखते हुए सड़कों का एलाइनमेंट ठीक कर वैकल्पिक मार्ग दुरुस्त किया जाएं।

उन्होंने संकरे रास्तों को चौड़ा करने के साथ-साथ जीर्ण क्षीर्ण निरीक्षण भवनों को सुधारने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। लोक निर्माण मंत्री ने यात्रा मार्गो पर जगह जगह संकेतक लगाने के लिए भी कहा। उन्होंने निर्देश दिए थे जिन लोगों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है या बिलों का भुगतान लंबित है उनका भुगतान प्राथमिकता से किया जाए।



# SOI 10 दिन में मसूरी के स्थलों के नक्शे का पूरा करे काम : डॉ आर. राजेश कुमार




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून के जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने मसूरी पर्यटन व्यवसायियों की समस्याओं के समाधान के संबंध में बैठक बुलाई और कई आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी ने मसूरी में वेंडर जोन के चिन्हीकरण तथा अन्य व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सर्वे आफ इण्डिया के अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि 218 स्थल में से 176 स्थल के नक्शा बनाये गये है , जबकि 42 स्थल पर सर्वे कर नक्शा बनाया जाना बाकी है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी निर्देश देते हुए कहा कि 10 दिन के भीतर अवशेष स्थलों के नक्शे के कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही वन विभाग की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए एसडीओ वन को निर्देशित किया कि सर्वे आफ इण्डिया के माध्यम से नोटिफाइड स्थल का तैयार 77 स्थल के नक्शा पर अगले चरण की कार्य को शीघ्र पूर्ण करें।

जिलाधिकारी ने मसूरी क्षेत्रान्तर्गत पार्किंग व्यवस्था हेतु स्थान चिन्हीकरण के लिए, नगर पालिका परिषद मसूरी, वन विभाग एवं एमडीडीए के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए प्रगति बढाने के भी दिशा निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के के मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी मसूरी नरेश चन्द्र दुर्गापाल, सर्वे आफ इण्डिया निदेशक कर्नल रजत शर्मा, इंचार्ज मेजर जितेन्द्र सिह, ओ.एस. अनुराग शर्मा, वन विभाग से एसडीओ मसूरी सुभाष चन्द्र वर्मा, आरओ मसूरी एस पी गैरोला, ईई एमडीडीए अतुल गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'खेलो इंडिया' के लिए उत्तराखंड के खिलाड़ियों को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किया रवाना



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने ''खेलो इंडिया'' के तहत, ''खेलो मास्टर्स गेम्स फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया'' के तत्वधान में 30 अप्रैल से 3 मई तक दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम मे आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के लिए राज्य की 40 प्लस तथा 50 प्लस (उम्र वाली) पुरुषों की फुटबाल टीम और एथलेटिक्स टीम के सदस्यों को पवेलियन ग्राउण्ड से हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया।


इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में फिटनेस और खेलों को बढ़ावा देने के लिए ''खेलो इंडिया, फिट इंडिया'' का अभियान छेड़ा गया है। जो कि हर उम्र के लोगों और विशेषतौर से युवाओं को अत्यधिक प्रेरित कर रहा है। इसी कड़ी मे सीनियर खिलाड़ियों के लिए ''खेलो मास्टर्स, गेम्स'' का आयोजन किया गया है। जिसमें पूर्व नेशनल, इंटरनेशनल और ओलिंपियन खिलाडी प्रतिभाग कर रहे हैं। आज हमने उत्तराखंड राज्य के तकरीबन 85 खिलाड़ियों के दल को अपनी शुभकामनाओं और जीत के जज्बे के साथ दिल्ली रवाना किया है।

खेलों मास्टर्स गेम्स ऑफ़ इंडिया के महासचिव शैलेन्द्र सिंह जो कि स्वयं पूर्व अतर्राष्ट्रीय खिलाडी रहे हैं, ने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन भारत केन्द्रीय खेल मंत्री, अनुराग ठाकुर करेंगे। इंटरनेशनल रेस्लर, ''द ग्रेट खली'' को इस प्रतियोगिता का ब्रैंड अम्बेसडर बनाया गया है।

# सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए आगे आएं युवा : भगत सिंह कोश्यारी, राज्यपाल

## राज्यपाल कोश्यारी ने जनरल बिपिन रावत की स्मारिका का विमोचन किया





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा है कि भारत के युवाओं को जनरल बिपिन रावत के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए आगे आना चाहिए। उनके अनुसार यह दिवंगत प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ को सर्वश्रेष्ठ श्रद्धांजलि होगी।

राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी महाराष्ट्र राजभवन मुंबई में जनरल बिपिन रावत के जीवन और कार्यों पर स्मारिका के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। आपको बता दें कि जीवनी रेखाचित्र और जनरल रावत पर लेख युक्त स्मारिका का प्रकाशन उत्तरांचल महासंघ, मुंबई द्वारा किया गया है, जो मुंबई और उसके आसपास रहने वाले उत्तराखंड मूल के लोगों का एक संगठन है।

राज्यपाल ने इस मौके पर कहा कि उत्तराखंड को देश को जनरल बी सी जोशी और प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत जैसे वीर सपूत देने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने कहा कि गोरखा रेजिमेंट के साथ-साथ गढ़वाल और कुमाऊं रेजिमेंट देश की पूर्वी सीमा से आने वाली किसी भी चुनौती का मुकाबला करने में सबसे आगे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे जिस भी क्षेत्र में काम कर रहे हैं, देश को अपना सर्वश्रेष्ठ दें। महाराष्ट्र राज्य विधानमंडल के सदस्य मंगल प्रभात लोढ़ा, उत्तरांचल महासंघ के अध्यक्ष आनंदी गैरोला, महेंद्र सिंह गुसाईं और कुसुमलता गुसाईं उपस्थित थे।

# आप पार्टी को मिला उत्तराखंड में नया मुखिया, दीपक बाली बने प्रदेश के नए अध्यक्ष



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

■ पार्टी की मजबूती के लिए करता रहूंगा काम, जल्द संगठन विस्तार कर करेंगे पार्टी को मजबूत : दीपक बाली, प्रदेश अध्यक्ष, आप

आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज आप प्रभारी दिनेश मोहनिया द्वारा नए प्रदेश अध्यक्ष के रुप में काशीपुर से पार्टी के वरिष्ठ नेता और उम्मीदवार रहे दीपक बाली को नया प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया।

घोषणा करने के बाद आप प्रभारी ने कहा कि आप पार्टी काम करने वाली पार्टी है और जिस तरीके से पार्टी ने प्रदेश की सभी 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव लडा , उससे जाहिर है कि जनता ने पार्टी को अपार स्नेह दिया। उन्होंने आगे कहा कि हमें चुनाव में हारने का गम नहीं है लेकिन आप पार्टी ने जो मेहनत इस चुनाव में की है इससे ज्यादा मेहनत भविष्य में करेगी और लगातार काम की राजनीति पार्टी करती रहेगी।

वहीं आप के नए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बाली ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उस उम्मीद पर वो पूरी तरह खरा उतरेंगे। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का उन पर भरोसा जताने के लिए आभार जताया। उन्होंने आगे कहा कि आप पार्टी का कार्यकर्ता कभी भागता नहीं है वो जीतता है और सीखता है । वो एक प्रदेश अध्यक्ष के साथ साथ कार्यकर्ता के रुप में पार्टी के लिए कार्य करते रहेंगे और जल्द संगठन को मजबूत करते हुए संगठन का विस्तार करेंगे।

आप पार्टी आने वाले समय में नगर निगम और नगर पालिका के सभी चुनावों में पूरी ताकत के साथ प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में चुनाव लडेगी और चंपावत उपचुनाव के लिए पार्टी आपसी चर्चा के बाद चुनाव लडने पर जल्द विचार करेगी जिसकी सूचना प्रेस के माध्यम से अवगत कराई जाएगी

# मई में पूरे 14 दिन रहेंगे बैंक बंद, यहां चेक करें बैंक हॉलिडे लिस्ट




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अप्रैल का आखिरी हफ्ता चल रहा है, इस महीने पूरे 15 दिन बैंकों की छुट्टी रही... बैंकिंग कामों को समय पर निपटाना सभी के लिए जरूरी है.... वित्तीय लेन देनों के काम में कोई परेशानी ना आए इसके लिए जरूरी है कि आपको बैंक हॉलिडे के बारे में पहले से जानकारी हो... न्यूज़ वायरस नेटवर्क आपको इस रिपोर्ट मेंअगले महीने मई के बैंक हॉलिडे की जानकारी दे रहां है ... आपको बता दें भारतीय रिजर्व बैंक ने मई महीने के लिए बैंक हॉलिडे की लिस्ट जारी कर दी है... ये छुट्टियों अलग- अलग राज्यों के अनुसार लागू होंगी...

**अलग- अलग शहरों के हिसाब से पूरे 14 दिन रहेंगे बैंक बंद -**

1 मई रविवार की छुट्टी के साथ महाराष्ट्र में राज्य दिवस की छुट्टी रहेगी

2 मई को लगभग सभी शहरों में रमजान ईद के कारण बैंको की छुट्टी रहेगी

3 मई को भगवान श्री परशुराम जयंती के अवसर पर भी कई शहरों में बैंक बंद रहेंगे

9 मई को गुरु रविन्द्रनाथ जयंती पर बैंकों की छुट्टी रहेगी.

14 मई को महीने के दूसरे शनिवार की छट्टी रहेगी.

16 मई को बुद्ध पुर्णिमा के अवसर पर बैंको की छुट्टी रहेगी.

इसके अलावा मई में पूरे पांच दिन रविवार की छुट्टी रहेगी

# 24 घंटे में 115 जगह धधके जंगल, इस बार 1558 घटनाओं में 2581 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

प्रदेश में शुक्रवार को वनाग्नि की 115 घटनाएं हुईं, जिनमें 149 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इस मिलाकर प्रदेश में इस फायर सीजन में वनाग्नि की 1558 घटनाओं में 2581 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हो चुका है।

मुख्य वन संरक्षक वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन निशांत वर्मा की ओर से जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक अब तक हुई वनाग्नि घटनाओं में पिथौरागढ़ निवासी एक महिला की मौत हुई है। जबकि वन विभाग के छह दैनिक एवं नियमित कर्मचारी घायल हुए हैं।

उत्तराखंड में पिछले वर्ष वनाग्नि की कुल 2780 घटनाएं हुईं, जिनमें 3927.13 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। मुख्य वन संरक्षक वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन निशांत वर्मा के मुताबिक बीते वर्ष वनाग्नि दुर्घटना में दो लोगों की मौत हुई थी। जबकि तीन लोग घायल हुए थे।



# यात्रा व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के लिए पर्यटन मंत्री ने किया औचक निरीक्षण





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति, धर्मस्व एवं जलागम प्रबंधन मंत्री सतपाल महाराज चारधाम यात्रा को लेकर बेहद सजग होने के साथ-साथ यात्रा व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने में लगे हैं। इसी के तहत शुक्रवार को उन्होंने धर्म नगरी आईएसबीटी स्थित चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र, भारत भूमि, ऋषिलोक पर्यटक आवास गृह और यात्रा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां स्थित कमियों को इंगित करते हुए तत्काल रिपोर्ट समिट करने को कहा है।

प्रदेश के पर्यटन एवं लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने शुक्रवार को धर्म नगरी आईएसबीटी स्थित चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र, भारत भूमि, ऋषिलोक पर्यटक आवास गृह और यात्रा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां स्थित शौचालयों का निरीक्षण करने के साथ-साथ अन्य कमियों को इंगित कर रिपोर्ट सबमिट करने को कहा है ताकि उसके बाद कार्यवाही की जाए। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश स्थित भारत भूमि पर्यटक आवास गृह के उच्चीकरण लिए उनके द्वारा 198.23 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। इससे यात्रियों को और अधिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर आईएसबीटी के पीछे से नीचे वाले चंद्रभागा पुल से ऊपर वाले चंद्रभागा पुल नटराज चौक तक सड़क निर्माण करने के लिए निर्देश दिए हैं।

परीक्षण के दौरान उनके साथ जीएमवीन के पूर्व निदेशक पंकज भट्ट, अधिशासी अभियंता नगर निगम की मौजूद सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# योगी आदित्यनाथ के दौरे से पहले गांव में जश्न डॉ धन सिंह रावत ने लिया तैयारी का जायज़ा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगामी तीन मई को पौड़ी जनपद के यमकेश्वर ब्लॉक में प्रस्तावित दौरे से पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज विथ्यानी पहुंचकर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान डॉ0 धन सिंह रावत ने योगी आदित्यनाथ के पैतृक गांव जाकर उनकी माँ एवं परिजनों से मुलाकात की।

सूबे के सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज पौड़ी जनपद के यमकेश्वर ब्लॉक में विथ्यानी पहुंचे। जहाँ उन्होंने आगामी तीन मई को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित तीन दिवसीय दौरे की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। डॉ रावत ने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर शौचालय, पेयजल, विधुत, पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था करने को कहा।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को आने-जाने में कोई दिक्कत न हो इसके लिए वैकल्पिक रास्ते बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम को भव्य बनाने एवं अथितियों के बैठने की समुचित व्यवस्था करने को भी कहा।डॉ रावत ने महायोगी गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय विथ्यानी में छात्र-छात्रों से मुलाकात कर उनसे पठन-पाठन की जानकारी ली। डॉ रावत ने योगी आदित्यनाथ के पैतृक गांव पंचुर पहुंचकर उनकी माता से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना साथ ही उन्होंने योगी आदित्यनाथ के परिजनों से भी मुलाकात की। इस दौरान जिलाधिकारी पौड़ी विजय कुमार जोगदंडे ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण कोटद्वार को प्रस्तावित कार्यक्रम हेतु पूर्ण व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को महाविद्यालय तक जाने वाले मार्ग का सुधारीकरण, शौचालयों की व्यवस्था बनाने को कहा।





इस अवसर पर विधयक यमकेश्वर रेणु बिष्ट, जिलाधिकारी विजय कुमार जोगदंडे, एसएसपी पौड़ी यशवंत सिंह चौहान, तहसीलदार मनजीत सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष सम्पत सिंह रावत, मंडल अध्यक्ष पौखाल विनय चंदोला, महामंत्री संजय रावत, उपाध्यक्ष प्रकाश चंद लखेड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध नशे के खिलाफ एसपी श्वेता चौबे का अभियान तेज़, भांग की खेती पर बड़ी कार्यवाही

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नशे की जड़ पर प्रहार करने में माहिर उत्तराखंड पुलिस की सबसे अनुभवी महिला अफसर और मौजूदा चमोली एसपी श्वेता चौबे नशे के खिलाफ अभियान चला रही हैं। इस अभियान के तहत जनपद चमोली पुलिस द्वारा नशे की रोकथाम व मादक पदार्थों का अवैध क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

चमोली पुलिस को गोपनीय सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई की राजस्व क्षेत्र ग्राम परता व बमोतिया देवाल तहसील थराली में विभिन्न स्थानों पर अवैध भांग की खेती की जा रही है । सूचना पर पुलिस अधीक्षक चमोली ने तत्काल पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग अमित सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।







शुक्रवार को गठित पुलिस टीम, राजस्व पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 4 किमी0 की दूरी पैदल चलकर पारथा गांव पहुंचे तो 2 नाली में भांग की खेती थी। मौके पर राजस्व की टीम को बुलाया गया तो अभिलेखों में भू-स्वामी महिपाल सिंह के नाम पर जमीन दर्ज है जिसके विरुद्ध NDPS Act में अभियोग पंजीकृत किया गया है। इसके बाद पुलिस बल एंव राजस्व विभाग की टीम बमोतिया गांव पहुंचे तो भारी मात्रा में खेतों पर भांग की खेती मौजूद थी। जानकारी करने पर पूरी जमीन रिजर्व फोरेस्ट की थी।

इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है। अवैध रूप से उगायी गयी 12 नाली भांग की खेती को पूर्ण रूप से नष्ट किया गया। ग्रामीणों को माननीय न्यायालय द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों व NDPS Act के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को भांग से होने वाले नुकसान की जानकारी भी दी गयी साथ ही भविष्य में अवैध रुप से इसका उत्पादन करने पर कार्यवाही करने की भी हिदायत दी कि कोई भी व्यक्ति भांग की खेती करते हुए पाया गया तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। एसपी श्वेता चौबे ने बताया है कि चमोली पुलिस और उनकी अनुभवी टीम लगातार अभियान चला कर मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सख्त कार्यवाही कर रही है और आगे भी ये सख्ती नशे के कारोबारियों को ख़त्म करने के लिए जारी रहेगी।

# आपदा में कम्युनिकेशन की भूमिका सबसे अहम : विनय शंकर पांडे, डीएम, हरिद्वार




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

जिलाधिकारी विनय शंकर पांडे ने वनाग्नि घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण/रोकथाम के लिए हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक में कई निरेदश दिए हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों से वर्तमान में हरिद्वार वन प्रभाग में वनाग्नि की घटनाओं, अतिसंवेदनशील वन क्षेत्र, संवेदनशील वन क्षेत्र आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली। इस पर वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हरिद्वार जनपद में कुल 07 वनाग्नि की घटनायें घटित हुई थीं, जिसमें 212.40 हैक्टेयर क्षेत्र क्षतिग्रस्त हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि आग की इन घटनाओं में पेड़ों तथा जानवरों को कोई क्षति नहीं पहुंची है तथा वर्तमान में कहीं से भी आग की घटना की कोई भी सूचना नहीं है।

डीएम विनय शंकर पाण्डेय द्वारा वन विभाग के अधिकारियों से आग लगने के कारणों के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अधिकारियों ने बताया कि गर्मी अधिक होने से भी आग का खतरा रहता है, कुछ प्राकृतिक कारणों से भी आग लग जाती है तथा कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर या लापरवाही से भी आग की घटनायें हो जाती हैं। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो लोग जानबूझकर आग लगाने की घटना में लिप्त होते हैं, ऐसे लोगों को चिह्नित करके वन कानूनों के अन्तर्गत जुर्माना सहित सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये तथा ऐसे लोगों बख्शा न जाये।

जिलाधिकारी द्वारा वन विभाग के अधिकारियों से वनाग्नि को रोकने के लिये उठाये गये कदमों के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अधिकारियों ने बताया कि हरिद्वार वन प्रभाग के प्रधान कार्यालय स्तर पर एक मास्टर कण्ट्रोल रूम के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में 35 क्रू स्टेशन स्थापित किये गये हैं, जो नियमित रूप से सूचनाओं का आदान प्रदान कर रहे हैं।

बैठक में जिलाधिकारी ने वनाग्नि आदि आपदाओं पर तुरन्त नियंत्रण पाने के लिए सुझाव देते हुए कहा कि अगर कोई भी आपदा सामने आती है, तो कम्युनिकेशन की सबसे बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि अगर कम्युनिकेशन मजबूत है, तो किसी भी आपदा पर जल्द से जल्द काबू पाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वनाग्नि को नियंत्रित करने के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये तथा प्रचार-प्रसार में अन्य टेलीफोन नम्बरों के साथ-साथ आपदा प्रबन्धन के टेलीफोन नम्बर की भी जानकारी आम लोगों तक विभिन्न माध्यमों-फ्लैस, सोशल मीडिया/इलेक्ट्रानिक मीडिया, समाचार पत्रों आदि द्वारा प्रचारित/प्रसारित किया जाये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वित्त एवं राजस्व) बीर सिंह बुदियाल,एसडीएम भगवानपुर बृजेश कुमार तिवारी, एएसडीएम रूड़की विजयनाथ शुक्ल, आपदा प्रबन्धन अधिकारी मीरा कन्तुरा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेन्द्र सिंह कुंवर, एसडीओ वन खुशाल सिंह रावत, आरओ दिनेश नौटियाल सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्रदेश में बाहर से आने वालों की कोरोना जांच अनिवार्य नहीं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड में बाहरी राज्यों से आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए कोविड जांच और वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र की अनिवार्यता नहीं है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

प्रदेश में तीन मई से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। दो साल बाद यात्रा में भारी संख्या में तीर्थ यात्रियों के आने की संभावना है। राज्य में बाहर से आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए कोविड जांच को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। इसे दूर करने के लिए मुख्यमंत्री के आदेश पर मुख्य सचिव ने शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा के सफल संचालन के लिए अग्रिम आदेशों तक बाहरी राज्यों से आने वाले यात्रियों व श्रद्धालुओं को राज्य की सीमा पर होने वाली असुविधा व भीड़ से बचाव करने के लिए कोविड जांच और वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र की अनिवार्यता नहीं है।

उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी यात्री व श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बैठक में सचिव स्वास्थ्य राधिका झा, सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर, सचिव धर्मस्व हरिचंद्र सेमवाल, सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार समेत संबंधित जिलों के डीएम व बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अधिकारी मौजूद थे।

# हरिद्वार : 50 साल में सबसे गर्म दिन रहा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। सभी जगह सूरज की तपिश लगातार बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को पारा 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया और बीते 50 सालों में 29 अप्रैल को सर्वाधिक गर्म दिन का रिकॉर्ड बन गया। चिलचिलाती धूप में लोग गंगा घाटों पर डुबकी लगाते नजर आए। जबकि दोपहर में गर्म हवा चलने से सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में आवाजाही कम नजर आई।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक इस बार भीषण गर्मी पड़ सकती है। अप्रैल के आखिरी हफ्ते में तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। गुरुवार को तापमान 37.5 डिग्री से बढ़कर अचानक शुक्रवार को 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस आंका गया। एक दिन पूर्व न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था।

मौसम विभाग के शोध पर्यवेक्षक नरेंद्र रावत ने बताया कि बीते 50 सालों में 29 अप्रैल के दिन पारा सर्वाधिक 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। नरेंद्र रावत ने बताया कि बीते सालों में 29 अप्रैल को न्यूनतम तापमान 24 डिग्री तक रहा है, लेकिन अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री 50 सालों में पहुंचा है। नरेंद्र रावत ने बताया कि जंगलों की आग और पर्यावरणीय असंतुलन से तापमान वृद्धि हो रही है। आने वाले दिनों में पारा और चढ़ेगा।

## संपादकीय

# लू का प्रकोप

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि देश के बड़े हिस्से में कम-से-कम अगले पांच दिनों तक लू की स्थिति रह सकती है. अनुमान के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और गुजरात के विभिन्न क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होंगे. बुधवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने के बाद 'पीली चेतावनी' जारी कर दी गयी है. मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि 29 अप्रैल को देश के उत्तरी भाग में धूल भरी आंधी चलने से गर्मी से राहत मिल सकती है. उल्लेखनीय है कि देश के उत्तर-पश्चिम में मार्च का महीना 122 वर्षों में सर्वाधिक गर्म रहा था. वैश्विक स्तर पर देखें, तो जनवरी और फरवरी के महीने धरती के सबसे अधिक गर्म महीनों में रहे हैं. वैज्ञानिकों ने पहले ही यह भविष्यवाणी कर दी है कि 2022 का वर्ष दुनिया के पांच सबसे अधिक गर्म वर्षों में शामिल हो सकता है. वर्ष 2021 सातवां सबसे गर्म साल रहा था. उनका कहना है कि यह वर्ष निश्चित रूप से दस सबसे गर्म वर्षों में होगा. ऐसे में हमारे देश के उत्तर, पश्चिम और पूर्व में बेहद गर्मी और लू का प्रकोप होना ही है. आंधी या हल्की बारिश से कुछ क्षेत्रों में बीच-बीच में कुछ राहत भले मिले, पर अभी मई और जून के महीने बाकी हैं, जब आम तौर पर बहुत ज्यादा गर्मी पड़ती है. यदि मानसून आने में कुछ देरी होती है, तो गर्मी के मौसम की अवधि बढ़ भी सकती है. धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी और इसके कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन से सबसे प्रभावित देशों में भारत भी है. समूची दुनिया के हाल के कुछ वर्ष सर्वाधिक गर्म रहे हैं. इस वजह से भारत समेत कई देशों में बाढ़, सूखे, लू और शीतलहर जैसी आपदाओं की आवृत्ति बढ़ती जा रही है. बेमौसम की बरसात या अचानक अत्यधिक बारिश की कई घटनाएं हम पिछले साल देख चुके हैं. देश के अनेक हिस्सों में मानसून भी अव्यवस्थित होता जा रहा है. जाड़े में कुछ दिन जहां शीतलहर का कहर बरपा होता है, वहीं उस मौसम का औसत तापमान बढ़ता जा रहा है. इसी तरह गर्मी की अवधि भी बढ़ती जा रही है. समुद्री तूफान भी अक्सर आने लगे हैं और समुद्र का जलस्तर भी बढ़ रहा है. इन स्थितियों से जान-माल के नुकसान के साथ जंगलों एवं कृषि पर नकारात्मक असर पड़ रहा है. बीते कुछ साल से जलाशयों में कम पानी होने तथा भूजल के स्तर के नीचे जाने से गर्मियों में जल संकट भी गहरा होने लगा है. ऐसे में हमें अभी से ही समुचित तैयारी कर लेनी चाहिए. सामान्य मानसून का अनुमान बड़े राहत की खबर है, पर उसके समय पर आने के बारे निश्चिंत नहीं हुआ जा सकता है. लू से बचाव के साथ पानी के ठीक बंदोबस्त पर भी ध्यान रहना चाहिए. चूंकि मौसम का बदलाव सच के तौर पर हमारे सामने आ चुका है, तो हमें उसी हिसाब से जीने की आदत भी डाल लेनी चाहिए और धरती के तापमान को भी रोकने की कोशिश करनी चाहिए.

# दिल्ली में 72 साल में दूसरी बार टूटा अप्रैल में भीषण गर्मी का रिकॉर्ड

नई दिल्ली (एजेंसी)। शुक्रवार को अप्रैल महीने के दौरान भीषण गर्मी का रिकॉर्ड पिछले 72 में दूसरी बार टूट गया. हालत यह कि दिल्ली के कई इलाकों में तापमान का पारा 46 डिग्री के करीब पहुंच गया, जबकि मासिक औसत अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. भारत मौसम विज्ञान विभाग(आईएमडी) ने अनुसार, इससे पहले, 2010 में दिल्ली में औसत मासिक अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था. उधर, मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली में अप्रैल महीने के दौरान तीन बार लू का लंबा दौर रहा. ऐसा समय-समय पर हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें नहीं पड़ने के कारण हुआ. आम तौर पर इस मौसम में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से दिल्ली में बारिश होती है. इस बार यह सक्रिय नहीं था. केवल 21 अप्रैल को छोड़कर दिल्ली में अन्य सभी दिनों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया.

आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में 28 अप्रैल और 29 अप्रैल को अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था. दिल्ली में अप्रैल के महीने में पिछले 12 साल के दौरान यह सर्वाधिक अधिकतम तापमान था. राष्ट्रीय



राजधानी में 18 अप्रैल 2010 को अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था. बता दें कि दिल्ली में 29 अप्रैल 1941 को अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो इस महीने में दर्ज किया गया अब तक का सर्वाधिक तापमान है.

इसके साथ ही, दिल्ली में शुक्रवार को भीषण लू की स्थिति रही और राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में पारा 46 डिग्री सेल्सियस के नजदीक पहुंच गया. दिल्ली की सफदरजंग वेधशाला ने लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया. यह 12 साल में अप्रैल महीने में एक दिन का सर्वाधिक तापमान है. महीने का अब तक का ऑल टाइम हाई टेंपरेचर 45.6 डिग्री सेल्सियस है, जो 29 अप्रैल 1941 को दर्ज किया गया था.

# चीन में कोरोना : शंघाई में मचा हाहाकार, एक माह के सख्त लॉकडाउन से परेशान लोगों का पलायन शुरू

बीजिंग/शंघाई (एजेंसी)। चीन के शंघाई शहर में कोरोना के नए मामलों के चलते हाहाकार मचा हुआ है। सरकार ने संक्रमण रोकने के लिए करीब एक माह से लॉकडाउन का विकल्प अपनाया है लेकिन अब लोग इस शहर से पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय पैकर्स और मूवर्स के साथ ही कुछ कानूनी फर्मों ने इस पलायन की पुष्टि की है। इस बीच, शंघाई में पिछले एक दिन में संक्रमण के 9,545 स्थानीय मामले सामने आए।

अंतरराष्ट्रीय मूवर्स शंघाई (एमएंडटी) के संस्थापक माइकल फाउंग ने बताया कि हमें करीब 30 से 40 ऑर्डर हर माह मिलते थे लेकिन इस माह ऐसे ऑर्डरों में काफी इजाफा हुआ है। शहर के नागरिक सोशल मीडिया पर सलाह ले रहे हैं कि वे शंघाई छोड़ने के लिए क्या उपाय कर सकते हैं। बता दें कि देश में हालात अब भी काबू में नहीं हैं। चीन की शून्य कोविड नीति के कारण लॉकडाउन या सख्ती के कारण लोग और भी परेशान हैं।

चीन में प्रतिबंध इतने सख्त हैं कि शंघाई में लोग भूख से मर रहे हैं। कई हफ्तों से अपने



घरों में कैद लोगों के पास अब खाने-पीने का सामान खत्म हो गया है। लोग अपनी खिड़कियों से झांकते हुए नारे लगाकर सख्त नीतियों का विरोध कर रहे हैं। हालात इस कदर खराब हो चुके हैं कि लोग खाने के लिए जेल जाने को भी तैयार हैं। चीन की आर्थिक राजधानी शंघाई में 1 मार्च से लेकर अब तक कम से कम 5 लाख मामले दर्ज किए गए हैं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था को COVID-19 नुकसान से उबरने में लग सकते हैं 12 साल : आरबीआई

मुंबई, एजेंसी। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस ने दुनिया भर के कई देशों को हिला कर रख दिया। महामारी के प्रकोप से बहुत कुछ तहस-नहस हो गया। देश दुनिया में कई बड़े बदलाव आ गए। इस वायरस से अभी भी कई देश बुरी तरह से जूझ रहे हैं। भारत जहां कोविड-19 से जमकर लड़ाई लड़ रहा है, वहीं इस वायरस से देश की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर डाला है। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को COVID-19 के नुकसान से उबरने में 12 साल से अधिक समय लगने की संभावना है।

'वर्ष 2021-22 के लिए मुद्रा और वित्त' पर अपनी रिपोर्ट में, आरबीआइ ने कहा, 'महामारी एक वाटरशेड क्षण है और महामारी द्वारा उत्प्रेरित (कैटालाइजड) चल रहे संरचनात्मक परिवर्तन संभावित रूप से मध्यम अवधि में विकास प्रक्षेपवक्र (ट्रैजैक्ट्री) को बदल सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, 'सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय पर निरंतर जोर, डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना और ई-कामर्स, स्टार्ट-अप, नवीकरणीय और आपूर्ति श्रृंखला रसद जैसे क्षेत्रों में नए निवेश के लिए बढ़ते अवसर, अर्थव्यवस्था में अनौपचारिक व औपचारिक रूप से बंद करते हुए प्रवृत्ति वृद्धि को बढ़ाने में योगदान दे सकते हैं।'

आरबीआई ने रिपोर्ट में आगे कहा, पूर्व-कोविड-19 प्रवृत्ति वृद्धि दर 6.6 फीसद (2012-13 से 2019-20 के लिए सीएजीआर) तक काम करती है और मंदी के वर्षों को छोड़कर यह 7.1 फीसद (2012-13 से 2016-17 तक) के लिए सीएजीआर तक काम करती है। इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया, '2020-21 के लिए (-) 6.6 फीसद की वास्तविक विकास दर, 2021-22 के लिए 8.9 फीसद और 2022-23 के लिए 7.2 फीसद की वृद्धि दर और उससे आगे 7.5 फीसद की वृद्धि दर को देखते हुए, 2034-35 में COVID-19 के नुकसान से भारत के उबरने की उम्मीद है।

व्यक्तिगत वर्षों के लिए उत्पादन घाटा 2020-21 में 19.1 लाख करोड़ रुपये, 2021-22 में 17.1 लाख करोड़ रुपये और 2022-23 में 16.4 लाख करोड़ रुपये आंका गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को वर्ष 2021-22 के लिए मुद्रा और वित्त (RCF) पर रिपोर्ट में प्रस्तावित सुधारों का खाका आर्थिक प्रगति के सात पहियों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसमें सकल आपूर्ति, संस्थानों, बिचौलियों और बाजारों, व्यापक आर्थिक स्थिरता और नीति समन्वय, उत्पादकता और तकनीकी प्रगति, संरचनात्मक परिवर्तन, और स्थिरता शामिल है।

# नोरा ने पहनी ऐसी ड्रेस कि देखने वालों का मुंह रह गया खुला

बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही को आज कौन नहीं जानता। अपने अभिनय से लेकर अपने डांस तक से उन्होंने सभी को दीवाना बनाया है। अब इन सभी के बीच हाल ही में उन्हें एक शो के सेट के बाहर स्पॉट किया गया, जहां उनका आउटफिट चर्चा का विषय बन गया। जी दरअसल नोरा की ड्रेस ऐसी है कि देखने के बाद लोग अपने आपको कमेंट करने से रोक नहीं पा रहे। जी दरअसल नोरा फतेही अक्सर अपने लुक्स को लेकर सुर्खियों में रहती हैं और इस बार भी ऐसा ही हुआ है। वैसे नोरा अपने सोशल मीडिया अकाउंट से तस्वीरें शेयर साझा करती रहती हैं और हर बार फैंस का मन मोह लेती है।

अब हाल ही में नोरा के एक लुक सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। उनका एक वीडियो इंस्टाग्राम पर तेजी से शेयर किया जा रहा है। आप देख सकते हैं नोरा फतेही ने वीडियो में सिलवर कलर की ड्रेस पहनी हुई है जो देखने में मैटालिक लग रही है। इसी के साथ अपने लुक को पूरा करने के लिए नोरा ने सिलवर हाई हील्स पहनी हुई है, और उन्होंने बाल खोले हुए हैं। आप देख सकते हैं इस समय वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है, लोग इस पर खूब कमेंटबाजी कर रहे है। जी दरअसल कुछ लोग नोरा को मछली तो कुछ लोग एंजल कह रहे हैं।

हालाँकि एक शख्स ने कमेंट में लिखा है, लुकिंग गोर्जस वहीं दूसरे शख्स ने लिखा है उफ उफ उफ। आप सभी को बता दें इस वीडियो के सामने आने के बाद नोरा के फिगर की भी काफी तारीफ हो रही है। अब अगर काम के बारे में बात करें तो नोरा इन दिनों एक डांस शो को जज कर रही हैं।



## बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से धूल चाट रही है शाहिद की जर्सी

कबीर सिंह जैसी दमदार मूवी से बॉक्स ऑफिस पर हडक़ंप मचाने वाले शाहिद कपूर का स्टारडम मूवी जर्सी से फीका पड़ता हुआ नजऱ आ रहा है. जर्सी में शाहिद एक क्रिकेटर बने हैं. मूवी में शाहिद के अभिनय को तो खूब सराहा गया, लेकिन फिर भी जर्सी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में बुरी तरह असफल होती हुई दिखाई दे रही है.

बॉक्स ऑफिस पर ढेर हुई जर्सीः जर्सी सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह असफल हुई. मूवी के कारोबार में भारी गिरावट दिखाई दे रही है. आपको जानकर हैरानी होगी कि रिलीज के चौथे दिन ही जर्सी का कलेक्शन 45-50 फीसद तक नीचे आ चुका है. अनुमान है कि फिल्म ने चौथे दिन सिर्फ 1.70 से 1.80 करोड़ का कारोबार कर पाई है. इसी के साथ मूवी का टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 16.45 करोड़ रुपये हो चुका है.

जर्सी ने किस दिन कमाए कितने करोड़ ?ः पहले दिन मूवी ने सिर्फ 4 करोड़ रुपये ही कमा पाई थी. हालांकि, दूसरे दिन मूवी की कमाई ने हल्की उछाल के साथ 5.50 करोड़ का कलेक्शन हासिल किया. इसके उपरांत मूवी ने तीसरे दिन 5 करोड़ का कारोबार ही किया.  ऐसे में देखा जाए तो मूवी चौथे दिन बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह लुढक़ चुकी है. सोमवार को मूवी ने अब तक की सबसे कम कारोबार ही किया है.

# बेटी के लिए आमिर खान ने किया कुछ ऐसा कि देखकर शॉक्ड रह गए फैंस



बॉलीवुड एक्टर आमिर खान को हमेशा अपनी बेटी आइरा के साथ देखा जाता है। यह पिता और बेटी खूबसूरत बॉन्डिंग शेयर करते हैं और दोनों को खूब पसंद भी किया जाता है। आइरा आए दिन पिता आमिर के साथ अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं और हाल ही में आइरा ने एक और फोटो शेयर कर लोगों को हैरान कर दिया है। जी दरअसल इस फोटो को शेयर कर उन्होंने बताया कि उनके पिता के अंदर एक और कला है, जिसके बारे में किसी को नहीं पता। जी दरअसल आमिर खान बॉलीवुड के वो एक्टर हैं, जिन्हें लोग 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' के नाम से भी जानते हैं।

आए दिन सोशल मीडिया पर उनके फोटोज वायरल होते हैं और वीडियो भी लोगों का दिल जीत लेते हैं। हालाँकि आमिर खुद सोशल साइट्स से बहुत दूर हैं। वहीं उनकी बेटी यानी आयरा खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। जी दरअसल आयरा अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ की झलकियों को सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर करती हैं। आप सभी जानते ही होंगे पापा आमिर के साथ आयरा काफी फ्रेंडली हैं और अब उन्हें उनके पिता ने तैयार किया है जिसके फोटोज वायरल हो रहे हैं।

वैसे हम आपको बता दें कि आमिर खान ने खुद ये खुलासा किया था कि कोरोना काल में उन्हें इस बात का एहसास हुआ कि वह अपने बच्चों को पिता का वो प्यार नहीं दे सके। लेकिन अब उन्हें जब भी समय मिलता है तो वह अपने बच्चों के साथ टाइम स्पेंड करने के साथ उनके साथ मस्ती करने का भी कोई मौका नहीं छोड़ते। फिलहाल आप देख सकते हैं आमिर अपनी बेटी आयरा खान के लिए मेकअप आर्टिस्ट बन गए, उन्होंने बेटी का जबरदस्त मेकअप किया।

जी हाँ, पापा के साथ कुछ तस्वीरों को शेयर करते हुए आयरा ने कैप्शन लिखा है- 'अंदाजा लगाएं मेरा मेकअप किसने किया है? यह दिलचस्प है जब आपके पापा आपके पास आएं और दावा करें कि वह आपका मेकअप आपसे बेहतर कर सकते हैं और वो बिल्कुल सही निकले।' अब अगर हम काम के बारे में बात करें तो आमिर खान जल्द 'लाल सिंह चड्ढा' में करीना कपूर खान के साथ दिखाई देंगे।

## हिंदी भाषा विवाद पर सोनू सूद ने दी दिल जीत लेने वाली प्रतिक्रिया

सुपरस्टार किच्चा सुदीप इन दिनों अपने एक बयान के लिए सुखिऱ्यों में हैं। जी दरअसल उनके एक बयान ने साउथ और नॉर्थ फिल्म इंडस्ट्री में बवाल मचा दिया है। आपको बता दें कि हिंदी को राष्ट्रीय भाषा ना मानने वाले किच्चा सुदीप के इस बयान पर फिल्म इंडस्ट्री दो गुटों में बंट गई है। जी हाँ और किच्चा सुदीप के इस बयान को तब सबसे ज्यादा सुर्खिया मिली जब सुपरस्टार अजय देवगन ने इस पर रिएक्ट किया। जी दरअसल इन दोनों के बीच बुधवार को ट्विटर वॉर चली। वहीं अब इस मामले पर सोनू सूद का रिएक्शन सामने आया है।

जी दरअसल सोनू सूद बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडियन फिल्मों में भी एक्टिव हैं। जी हाँ और वह पिछले कई सालों से साउथ इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। अब आज हिंदी विवाद पर सोनू सूद ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा- मुझे नहीं लगता हिंदी को बस राष्ट्रीय भाषा कहा जा सकता है। भारत की एक भाषा है, जो है एंटरटेनमेंट। इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन सी इंडस्ट्री से आते हैं। अगर आप लोगों को एंटरटेन करते हैं तो वे आपसे प्यार करेंगे। आपका सम्मान करेंगे और आपको स्वीकार करेंगे।

## अनुष्का और विराट ने बताई बबल लाइफ की झलक, जानिए क्या है खास?

विराट कोहली इन दिनों आईपीएल में व्यस्त हैं। वहीं दूसरी तरफ उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी इस दौरान उनके साथ मौजूद हैं। जी दरअसल एक्ट्रेस उनके मैच देखने भी जाती हैं, हालाँकि कोविड की वजह से क्रिकेटर्स और उनके साथ मौजूद परिवार के सदस्यों को भी बबल में रहना पड़ता है। अब इन सभी के बीच अनुष्का शर्मा और विराट कोहली शादी के फंक्शन में पहुंचे। जी दरअसल यह फंक्शन ग्लेन मैक्सवेल और विनी रमन की शादी का है। आप सभी को बता दें कि दोनों ने शादी तो पहले ही कर ली थी, लेकिन अब उनकी टीम ने मैक्सवेल के लिए स्पेशल पार्टी रखी। हालांकि ये पार्टी बबल में ही हुई हैं।

दैनिक न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक : मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा